प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

भाईदूज का पर्व परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीय को ये पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाईयों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा करवाकर उनकी लम्बी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। कई स्थानों पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र भी बांधती हैं और भाई उन्हें उपहार देते हैं। दीपावली के दो दिन बाद मनाये जाने वाले इस पर्व के साथ ही दीपोत्सव का समापन होता है। इसे भाई टीका और यम द्वितीया भी कहा जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाई दूज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह शुभ त्यौहार भाइयों और बहनों के बीच स्नेह को गहरा करेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी भाई–बहन के स्नेह और अटूट विश्वास के प्रतीक पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।

प्रदेश में भी भाईदूज का हर्षोल्लास छाया हुआ है। पाली, टोंक, दौसा और जयपुर सहित सभी स्थानों पर भाईदूज पर्व की उमंग है। उधर, भीलवाडा जिले के मांडल कस्बे में कल गोवर्धन पूजा पर गायों बैलों की विधि विधान से पूजा की गई। इस अवसर पर गर्धभ पूजन भी हुआ।

000

केदारनाथ धाम के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। भैयादूज के पावन अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। उत्तरकाशी में यमुनोत्री धाम के कपाट भी आज दोपहर बंद हो जाएंगे। इस वर्ष 15 लाख तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम और सात लाख से अधिक ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किये।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने भी मतदाताओं से सम्पर्क साधना शुरू कर दिया है। सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव के लिए होम वोटिंग प्रक्रिया कल से शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल ने बताया कि होम वोटिंग प्रक्रिया का पहला चरण कल से आठ नवम्बर तक होगा। उपचुनाव वाले क्षेत्रों में अवैध वस्तुओं के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। टोंक जिले के उनियारा में पुलिस ने अलीगढ़ क्षेत्र से एक गाड़ी से आज चार लाख रुपये की नकदी जब्त की।

000

रणथम्भौर बाघ परियोजना की सीमा पर उलियाना गांव में कल बाघ ने एक युवक पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक खेत में बकरियां चरा रहा था, इस दौरान ये हमला हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों ने सवाईमाधोपुर–कुंडेरा रोड पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर समझाइश कर रहे हैं।

000

जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती पर आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्टेच्यू सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर एक सुनियोजित बसावट वाला शहर है। स्वच्छता में इसे देश के तीन अग्रणी शहरों में शामिल करवाने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर जयपुर को सुदंर और स्वच्छ

बनाए रखने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस मौके पर जयपुर हैरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी महाराजा सवाई जयसिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

000

जयपुर में आज मशहूर गायक दिलजीत दोसांझ की संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में होने वाले इस कॉन्सर्ट को लेकर पुलिस ने लोगों से फर्जी टिकटों और पास से सतर्क रहने की अपील की है। संगीत संध्या में जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष दल तैनात किया है। साथ ही फर्जी टिकट बेचने वालों की सूचना देने के लिए भी आमजन से सहयोग मांगा गया है।

000

त्यौहारी छुटिटयों के कारण स्वर्ण नगरी जैसलमेर में पर्यटन सीजन परवान पर है। इन दिनों यहां अच्छी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुंचे हैं। वहीं एक दिसम्बर से जयपुर से जैसलमेर के बीच हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। ये उड़ान सेवा रोजाना उपलब्ध रहेगी। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से जैसलमेर से दिल्ली और मुंबई के बीच हवाई सेवा शुरू होने से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है।